EJ3785... 

38

कार्यालय पूर्वी सिंहभूम
2 J MAY 2025
जमशेदपुर

पत्रांकः– 8503683 /मु०मं०स०

## झारखण्ड सरकार
## मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेषक,

घनश्याम प्रसाद सिंह,
सरकार के उप सचिव।

सेवा में,

उपायुक्त,
पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर।

रॉची, दिनांक 07/05/25

**विषयः–** **प्राप्त आवेदन पत्र पर समुचित कार्रवाई हेतु प्रेषण।**

महाशय,

माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड को जन शिकायत कोषांग में उपलब्ध कराये गये विषयाधीन अभ्यावेदन/परिवाद के सबंध में निदेशानुसार अनुरोध है कि संलग्न आवेदन में दिए गए मामले पर समुचित कार्रवाई करने की कृपा की जाय तथा माननीय मुख्यमंत्री जी के जानकारी हेतु कृत कार्रवाई से एक पक्ष के अंदर जन शिकायत कोषांग, मुख्यमंत्री सचिवालय को अवगत कराने की कृपा की जाय।

**अनु. –** Samit Kumar Carr, Secretary General Occupational Safety & Health Association of Jharkhand (OSHAJ INDIA) से प्राप्त ई० मेल पत्र की मूल प्रति।

विश्वासभाजन
06.05.2025
सरकार के उप सचिव

410
02/06/25

# जिला दण्डाधिकारी एवं उपायुक्त का कार्यालय, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर।

(विधि शाखा)

पत्रांक– 2404 (B) / विधि

प्रेषक,

उपायुक्त,
पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर।

सेवा में,

अधीक्षक,
एम०जी०एम० मेडिकल कॉलेज अस्पताल,
पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर।

जमशेदपुर, दिनांक– 19/07/2025

विषय – सिलिकोसिस बीमारी का जाँच हेतु मेडिकल बोर्ड गठित करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि सरकार के उप सचिव, मुख्यमंत्री सचिवालय, झारखण्ड सरकार के पत्रांक–8503683/मु०,मं०स०, दिनांक–07.05.2025 से श्री समित कुमार कार, महासचिव, ओशज इंडिया, सोनारी, जमशेदपुर के द्वारा समर्पित आवेदन एवं इसके साथ संलग्न सिलिकोसिस बीमारी से पीडित एवं मृत व्यक्तियों की सूची प्राप्त है। प्रावधान के अनुसार सिलिकोसिस बीमारी से पीड़ित व्यक्तियों एवं मृत व्यक्तियों के आश्रितों को सहायता राशि प्रदान की जानी है।

अतः मुख्यमंत्री सचिवालय से प्राप्त पत्र एवं इसके साथ संलग्न सूची को भेजते हुए निदेश दिया जाता है कि सिलिकोसिस बीमारी से पीडित व्यक्तियों के जाँच हेतु मेडिकल बोर्ड का गठन करते हुए जाँचोपरांत जाँच प्रतिवेदन उपलब्ध कराया जाय, ताकि अग्रेतर कार्रवाई की जा सके।

विश्वासभाजन,

**अनुलग्नकःयथोक्त।**

उपायुक्त,
पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर।

ज्ञापांकः– 2404 (B) / विधि, दिनांक– 19/07/2025

प्रतिलिपिः– श्री समित कुमार कार, महासचिव, ओशज इंडिया, सोनारी, जमशेदपुर को सूचनार्थ। निदेश दिया जाता है कि सिलिकोसिस बीमारी से पीडितों को गठित मेडिकल बोर्ड के समक्ष उपस्थित होने हेतु प्रस्तुत करेंगे।

प्रतिलिपिः– सरकार के उप सचिव, मुख्यमंत्री सचिवालय, झारखण्ड, राँची को सूचनार्थ प्रेषित।

उपायुक्त,
पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर।

Tai Ram Mahato

## कार्यालय : अधीक्षक, एम0जी0एम0 मेडिकल कॉलेज अस्पताल, जमशेदपुर।

### आदेश

सरकार के उप सचिव, मुख्यमंत्री सचिवालय झारखण्ड सरकार के पत्रांक 8503653 / मु0 मं0सं0, दिनांक 07.05.2025 के कम में श्री सुमित कुमार कार, महासचिव, ओशाज इंडिया सोनारी, जमशेदपुर के द्वारा समर्पित आवेदन एवं उसमें संलग्न सिलिकोसिस बीमारी से पीड़ित एवं मृत व्यक्तियों की सूची पर उपायुक्त, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर के पत्रांक 2404 (ठ) विधि, जमशेदपुर दिनांक 19.07.2025 के द्वारा जॉच हेतु मेडिकल बोर्ड का गठन के निदेश के कम में इस कार्यालय के पत्रांक 3983 दिनांक 25.09.2025 द्वारा मेडिकल बोर्ड गठित किया गया है। उक्त मेडिकल बोर्ड की दिनांक 04.10.2025 को सम्पन्न बैठक में लिये गये निर्णय के आलोक में दिनांक 08.11.2025 को अपराहन् 02:00 बजे से 04:00 बजे तक श्री सुमित कुमार कार द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले ILO Software के संबंध में मेडिकल बोर्ड को प्रशिक्षण / जॉच के संदर्भ में अयोजित कार्यक्रम एम0जी0एम0 मेडिकल कॉलेज, जमशेदपुर के लेक्चरर हॉल –03 में निर्धारित किया जाता है।

जॉच समिति के सभी सदस्यों को निदेशित किया जाता है कि वे निर्धारित तिथि एवं समय में कार्यक्रम में भाग लेना सुनिश्चित करेंगे।

04/11/2025

अधीक्षक<br>
एम0 जी0 एम0 मेडिकल कॉलेज अस्पताल,<br>
जमशेदपुर।

ज्ञापांक 4498 / जमशेदपुर, दिनांक 04/11/2025 /

प्रतिलिपि :– उपायुक्त, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर को उनके पत्रांक 2404 (ठ) / विधि, जमशेदपुर दिनांक 19.07.2025 के कम में सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– प्राचार्य, एम0जी0एम0 मेडिकल कॉलेज, जमशेदपुर को सूचनार्थ एवं अनुरोध है कि दिनांक 08.11.2025 को मेडिकल बोर्ड को प्रशिक्षण / जॉच के संदर्भ में अयोजित कार्यक्रम हेतु एम0जी0एम0 मेडिकल कॉलेज, जमशेदपुर के लेक्चरर हॉल –03 को खुला रखने हेतु अपने अधीनस्थ्य संबंधित कर्मी को निदेश्ति करने की कृपा की जाय।

प्रतिलिपि :– उपरोक्त जॉच समिति के सदस्यों को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

अधीक्षक<br>
एम0 जी0 एम0 मेडिकल कॉलेज अस्पताल,<br>
जमशेदपुर।

Scanned with OKEN Scanner